(ग) मध्य प्रदेश के प्रमुख समाचारपत्रों के नाम क्या हैं ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्रीमती नन्दिनी सतपथी)** : (क) यद्यपि कार्य के सामान्य व्यवहार में राज्यवार आंकड़े नहीं रखे जाते, तो भी उपलब्ध सूचना के आधार पर यह पता लगाया गया है कि वर्ष 1970-71 के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा मध्य प्रदेश में समाचारपत्रों को कुल 5,15,408/- रुपए के मूल्य के विज्ञापन जारी किए गए थे ।

इस आंकड़े में, रेल मन्त्रालय, पर्यटन विभाग तथा अधिकांश सरकारी उपक्रमों, जिनका लेखा विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा नहीं रखा जाता, द्वारा व्यय किया गया धन शामिल नहीं है ।

(ख) और (ग). मध्य प्रदेश (तथा अन्य राज्यों) के प्रमुख (तथा अन्य) समाचारपत्रों के नामों तथा वर्ष 1970 के लिए उनकी उस परिचालन संख्या जिसका दावा किया गया था, के बारे में सूचना भारत के समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार की 14 वीं वार्षिक रिपोर्ट में दी गई है जिसको 17 दिसम्बर, 1970 को सदन की मेज पर रखा गया था ।

### सरकार के विभिन्न प्रकाशनों के हिन्दी संस्करण

5555. **श्री बनशाह प्रधान** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले सभी प्रकाशनों के हिन्दी संस्करण साथ-साथ उपलब्ध नहीं होते हैं ?

**गृह मन्त्रालय और कार्मिक विभाग में राज्य मन्त्री (श्री राम निवास मिर्धा)** : जी हां, श्रीमान । वर्तमान प्रशासनिक आदेशों तथा विधि के उपबन्धों के अन्तर्गत सभी सरकारी प्रकाशनों को अंग्रेजी तथा हिन्दी में साथ-साथ प्रकाशित करना जरूरी नहीं है ।

### Additional Powers to States for Implementation of various Projects

5556. SHRI ERASMO DE SEQUERA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any additional powers have been delegated to the States and the Union Territories with regard to their work on projects in which the Centre is directly interested or which are carried out by them as agents to the Central Government on the recommendations of the Administrative Reforms Commission; and

(b) if so, the main points thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND IN THE DEPARTMENT OF PERSONNEL (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) and (b). The Administrative Reforms Commission in its report on "Centre-State Relationships" made the following recommendation:—

> "22. Powers should be delegated to the maximum extent to the States with regard to their work on projects in which the Centre is directly interested or which are carried out by them as agents to the Central Government."

The recommendation is under examination.

### सरकारी विज्ञापनों के लिये दी गई राशि

5557. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1970-71 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकारी विज्ञापनों के प्रकाशन के लिये समाचारपत्रों को कुल कितनी राशि दी गई ; और

(ख) विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु प्रत्येक समाचारपत्र को कितनी राशि दी गई ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती नन्दिनी सतपथी)** : (क) 1970-71 के दौरान समाचारपत्रों को विज्ञापन और दृश्य